कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बरेली।
(संशोधित कार्यालय विज्ञप्ति)

परिवार न्यायालय, बरेली में परामर्शदाओं की आबद्धता के सम्बंध में श्रीमान जनपद न्यायाधीश, बरेली के प्रशासकीय अनुभाग से पूर्व में निर्गत कार्यालय विज्ञप्ति दिनांकित 23.05.2019 में अद्यतन शासनादेश के आलोक में आंशिक संशोधन करते हुये परामर्शदाताओं की आबद्धता के सम्बंध में पुनः संशोधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निम्नलिखित शर्तो को पूर्ण कर आवेदन कर सकते हैं:–

1. आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में से स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का भी अनुभव हो, जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउंसलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो, उसे वरीयता दी जायेगी।
2. आवेदक की आयु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो।
3. परामर्शदाता का कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।
5. नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रू0 6000/– मासिक मानदेय देय होगा।
6. आवेदन के साथ स्नातक का अंक–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है।
7. जिन आवेदनकर्तागण द्वारा पूर्व में उक्त पद पर नियुक्ति के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है, वे वर्तमान विज्ञप्ति की शर्तो के अनुरूप अपने आवेदन का परीक्षण कर यदि उसमें कोई कमी पायी जाती है तो उसको निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर सकते हैं।

जो पुरूष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हों, वे अपना आवेदन–पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति सहित दिनांक 17.06.2019 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांय 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

(रेशमा चौधरी)
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
बरेली।

दिनांकः 07.06.2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, बरेली को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त आदेश की प्रति नजारत अनुभाग तथा प्रशासनिक कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला बार एसोसियेशन, बरेली के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. जिला सूचना अधिकारी, बरेली को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
3. नोडल अधिकारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, बरेली को इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय, बरेली व माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. रजिस्ट्रार, एम0जे0पी0रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी, बरेली को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त विज्ञप्ति को सम्बंधित विद्यालयों में परिचालित कराया जाना सुनिश्चित करें।

(रेशमा चौधरी)
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
बरेली।

दिनांकः 07.06.2019

जिला न्यायालय बरेली में पारिवारिक न्यायालय हेतु परामर्शदाता हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

फाटो प्रमाणित कराये

1. पद का नाम ....

2. अभ्यर्थी का पूरा नाम ....

3. पिता/पति का नाम ....

4. स्थाई आवासीय पता ....

5. पत्राचार हेतु पता ....

मोबईल नं0.. ई–मेल आई.डी...................................

6. जन्मतिथि : ....

7. दिनांक ....को अभ्यर्थी की आयु .... वर्ष .... माह .... दिन

जन्मतिथि के लिए हाईस्कूल परीक्षा या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र की प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।

8. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

शैक्षिक योग्यता का विवरण–

क्र. सं.	परीक्षा/डिग्री	संस्था का नाम	वर्ष	टिप्पणी

9. क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी आपराधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हां तो उसका उल्लेख करें।)

नोटः यह आवेदन पत्र में अंकित किया जाना आवश्यक है।

घोषणा पत्र

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण सूचनाएं सत्य हैं और मैंने कोई तथ्य नहीं छिपाया है यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये यदि नियुक्ति हो जाने के उपरांत ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवाएं समाप्त कर दी जायें।

संलग्नकों की संख्या

1. अंकों एवं शब्दों में
2. विवरण
3. तिथि

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व पता